के लिए कृतक बल द्वारा मूल्यांकित किया गया है) निम्नवत है :—

| वर्ष | अनुमानित वार्षिक मांग |
|---|---|
| 1985 86 | 92,600 |
| 1986-87 | 1,02,000 |
| 1987-88 | 1,12,000 |
| 1988-89 | 1,23,500 |
| 1989-90 | 1,36,000 |

**विवरण**

**1985-86 के दौरान ट्रैक्टरों की राज्य-वार बिक्री**

| क्रम सं. | राज्य | ट्रैक्टरों की बिक्री |
|---|---|---|
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | 4016 |
| 2. | असम | 358 |
| 3. | बिहार | 3512 |
| 4. | गुजरात | 3972 |
| 5. | हरियाणा | 9115 |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | 85 |
| 7. | जम्मू तथा कश्मीर | 68 |
| 8. | कर्नाटक | 2092 |
| 9. | केरल | 341 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 4966 |
| 11 | महाराष्ट्र | 3504 |
| 12 | मणिपुर | 7 |
| 13. | मेघालय | — |
| 14. | नागालैंड | — |
| 15. | उड़ीसा | 206 |
| 16. | पंजाब | 13761 |
| 17. | राजस्थान | 6162 |
| 18. | सिक्किम | — |
| 19. | तमिलनाडु | 2792 |
| 20. | त्रिपुरा | — |
| 21. | उत्तर प्रदेश | 18135 |
| 22. | प. बंगाल | 815 |
| 23. | संघ राज्य क्षेत्र | 100 |
| | अन्य | 1006 |
| | योग | 75079 |

**सरकारी कर्मचारियों के लिए क्वार्टरों का निर्माण**

1505. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने वर्षों की सेवा के पश्चात केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को दिल्ली में आवास प्रदान किया जाता है; और

(ख) चालू आबंटन वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को किस प्राथमिकता तारीख तक सरकारी आवास आवंटित किए जाने की सम्भावना है ?

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री दलबीर सिंह)**: (क) विभिन्न टाइप के आवासों के लिये लगभग 15 से 29 वर्ष ।

(ख) चालू आबंटन वर्ष के दौरान पूर्ण की जाने वाली सम्भावित अग्रता तिथि बताना सम्भव नहीं है क्योंकि खाली होने वाले क्वार्टरों की संख्या का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है ।

परन्तु विद्यमान तारीखें निम्नलिखित हैं :—

| टाईप | वर्ष |
|---|---|
| टाईप-ए | 196 |
| टाईप-बी | 195 |
| टाईप-सी | 196 |
| टाईप-डी | 195 |
| टाईप-ई | 197 |

**"अकाल राहत कार्यक्रम" के अधीन बांधों की संख्या**

1506. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां पर "अकाल राहत कार्यक्रम" के अन्तर्गत बांधों का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया है ;

(ख) क्या इन बांधों को मानसून के प्रारम्भ से पूर्व पूरा करने की योजना है ;